इकाई :- दो

पाठ योजना

पाठ का नाम :- चिड़िया का घर इकाई का नाम - खुशी की खुशी

अधिगम उद्देश्य :-

- कविता सुन पढ़कर आस्वादन करना ।
- ताल-लय के साथ कविता आलाप करना ।
- कविता का आशय समझना ।
- कविता के दृश्याभास में भाग लेना ।
- प्रश्नवाचक शब्द पहचान कर उत्तर लिखने की क्षमता प्राप्त करना ।
- में, पर शब्दों का परिचय देना ।
- अंदर ,बाहर शब्दों का बोध कराना ।
- वाक्यों का आशय समझकर चित्रों के अनुसार लिखने की क्षमता प्राप्त करना ।

आशय/ अवधारणा:-

- चिड़िया तिनका - तिनका जोड़कर घर बनाती है।
- सभी प्राणी मेहनत से अपना घर बनाते हैं।

मूल्य / मनोभाव:-

- घर हम सबको सुरक्षा देता है। इसलिए अपना घर बचाएँ और दूसरों का घर न उजाड़ें।

अधिगम गतिविधियाँ :-

- चित्र वाचन करना और प्रश्नों के उत्तर बताना ।
- जानवरों के नाम से परिचय पाना।
- कविता का आशय समझना ।
- ताल -लय के साथ कविता आलाप करना
- शब्द पहचान कर लिखना ।
- वाक्यों के अर्थ समझना और लिखना ।
- प्रश्न वाचक शब्दों के अर्थ समझकर तालिका भरना ।

HINDI ADHYAPAK MANCH

- में,पर शब्दों का परिचय देना और नमूने देना ।
- शब्दों का बोध कराना और नमूने देना ।
- सुरीली हिंदी के गीत से पशु- पक्षियों का परिचय पाना ।

कालांश :-

सहायक सामग्रियाँ:-

- कविता का ऑडियो और वीडियो, कविता चार्ट / स्लाइड
- सुरीली हिंदी के 'में में बकरी' का वीडियो ।

प्रक्रियाएँ :-

अनौपचारिक संवाद

बच्चो आपको गीत पसंद है न ?

तो सुनिए, एक गीत ।

अध्यापिका सुरीली हिंदी के 'में में बकरी' का वीडियो दिखाती हैं।

चार - पाँच बार दिखाती हैं ।

बच्चों को साथ गाने का अवसर देती हैं ।

अध्यापिका वीडियो से संबंधित प्रश्न पूछती हैं । (प्रतिक्रिया)

बच्चो बोलिए, नीतू का घर कहाँ था ?

हाँ, छोटे नगर में ।

तो बताइए, आपका घर कहाँ है ?

नगर में, या गाँव में ?

गाँव का अर्थ क्या होगा ?

हाँ, ഗ്രാമം

चित्र देखिए । (पन्ना संख्या - 30 -31)

यह किसका चित्र है ?

एक छोटा - सा गाँव है ।

बोलिए, चित्र में क्या-क्या हैं ?

HINDI ADHYAPAK MANCH

बच्चे मातृभाषा में बोले तो टीचर उसे हिंदी में बोलकर श्याम पट पर लिख देती हैं ।
जैसे:- नदी, पहाड़, घर, पेड़-पौधे, घास, बादल आदि ।
गाँव में कौन-कौन हैं ?
मछलियाँ, बिल्लियाँ, गाय, बछड़ा, चिड़ियाँ आदि ।
नदी में क्या है ?
हाँ, नदी में मछलियाँ हैं।
बिल्लियाँ कहाँ हैं ?
बिल्लियाँ सड़क पर हैं।
अध्यापिका हाथ में कलम लेकर पूछती हैं ।
बच्चो, हाथ में क्या है?
हाथ में कलम है।
मेज़ पर किताब रखकर पूछती हैं ।
किताब कहाँ है?
किताब मेज़ पर है।

चित्र खींचने का अवसर । (गृहकार्य)
बिल्ली, मछली, गाय, बछड़ा, घर, पेड़, पहाड़, फूल या गाँव का चित्र (बच्चों की रुचि के अनुसार)
बच्चो, पन्ना संख्या 32 - 33 ले लो ।
चित्र वाचन का अवसर देती हैं ।
चित्र में क्या-क्या हैं / कौन-कौन हैं ?
छात्रों द्वारा मातृभाषा में बताने पर अध्यापिका श्यामपट पर लिखती हैं ।
जैसे :- तालाब, हाथी, मछलियाँ, मगरमच्छ, चिड़िया, व्याध पतंग, मेंढक आदि।
देखो, चिड़िया कहाँ बैठती है ?
हाँ, घोंसले में ।
'घोंसला' का मतलब क्या है?

HINDI ADHYAPAK MANCH

चिडिया का घर है ।

अध्यापिका ' चिड़िया का घर ' कविता का वीडियो चार-पाँच बार दिखाती हैं ।

बच्चों को साथ गाने का अवसर भी देती हैं ।

अध्यापिका भी साथ आलाप करती हैं ।

अध्यापिका चार्ट पर लिखी कविता की कोई एक पंक्ति पढ़कर या गाकर सुनाती है और बच्चे पंक्ति पहचानते हैं ।

(यही प्रक्रिया अन्य पंक्तियों के साथ भी करती हैं)

इस तरह अध्यापिका अलग-अलग शब्द पढ़ती हैं और बच्चे ढूँढ कर बताते हैं ।

बच्चो बोलिए, यह कविता किसके बारे में है ?

हाँ, चिड़िया के बारे में है ना ?

शब्दकोश देखिए, और दो पंक्तियों का आशय समझने की कोशिश कीजिए ।

दलों में आशय विनिमय ।

अध्यापिका की मदद ।

अध्यापिका प्रश्न पूछती हैं ।

चिड़िया कहाँ चली ? (घर बनाने)

चिड़िया चोंच में क्या लिए चली ?

(तिनका लिए)

चिड़िया की चोंच में क्या है ? (तिनका)

बच्चो, इसी प्रकार अगली पंक्तियों में आए शब्दों के अर्थ शब्दकोश की मदद से ढूँढकर लिखिए ।

पंक्तियों का आशय समझने की कोशिश कीजिए ।

दलों में आशय विनिमय ।

अध्यापिका की मदद ।

अंदर का अर्थ क्या है ?

ഉള്ളിൽ

HINDI ADHYAPAK MANCH

घर के अंदर का अर्थ क्या है?

हाँ, വീടിനുള്ളിൽ

स्कूल के अंदर — സ്കൂളിനുള്ളിൽ

स्कूल के अंदर बच्चे हैं।

स्कूल के अंदर अध्यापक हैं ।

कक्षा के अंदर - ക്ലാസിനുള്ളിൽ

कक्षा के अंदर श्यामपट है।

कक्षा के अंदर मेज़ है ।

कक्षा के अंदर बच्चे हैं।

बाहर = വെളിയിൽ

घर के बाहर गाय है ।

घर के बाहर बिल्ली है ।

चिडिया के घर के अंदर कौन होंगे ?(चिड़िया के दो बच्चे ।)

चिड़िया कब उड़ जाएगी ? (पर निकले तो)

'पर' का मतलब क्या है ?

पर = पंख (ചിറക്)

पर निकले तो उड़ जाएगी ।

अध्यापिका पूरी कविता का एक बार और वाचन करवाती है ।

पृष्ठ संख्या : 34 (गतिविधि - 1)

पहचानें, लिखें ।

बच्चो, चिड़िया की चोंच में दो गुब्बारे हैं । उसमें शब्द लिखिए ।

लिखने का समय देती हैं ।

चोंच में एक गुब्बारा है उसमें चोंच और तिनके में जो गुब्बारा है, उसमें तिनका लिखते हैं ।

चिड़िया की चोंच में क्या है ?

चिड़िया की चोंच में तिनका है ।

HINDI ADHYAPAK MANCH

पृष्ठ संख्या 35 (गतिविधि 2)

पहचानें और लिखें ।

- घर के अंदर चिड़िया के बच्चे हैं ।
- चिड़िया तिनकों से घर बनाती है ।
- चिड़िया के बच्चे उड़ जाते हैं ।

बच्चो, वाक्यों का आशय समझ गये हैं न ?

चित्रों के पास रिक्त स्थान पूरा कीजिए।

पृष्ठ संख्या 36 (गतिविधि 3)

पहचानें और तालिका भरें।

चित्र वाचन का अवसर देना ।

बच्चो ,प्रश्न समझकर नीचे लिखे वाक्यों से उत्तर ढूँढकर तालिका भरने की कोशिश कीजिए ।

HINDI ADHYAPAK MANCH